Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 17-03-2006

Participants : Kripalani Shri Srichand

an>

Title : Need to formulate a policy for the benefit of farmers cultivating mustard in Rajasthan.

श्री श्रीचन्द कृपलानी (चित्तौड़गढ़) : अध्यक्ष महोदय राजस्थान राज्य में इस बार सरसों की बम्पर फसल होने की उम्मीद है। लेकिन किसानों की समस्यायें मिटती नहीं दिख रही हैं। जैसाकि आपको विदित है कि कोटा मण्डी में जनवरी में ही सरसों की जिस आ गयी थी तथा केन्द्र सरकार द्वारा गत र्वा खरीदी गयी सरसों अभी भी गोदामों में पड़ी है, इसके लिए किसानों के पास कोल्ड स्टोरेज भी नहीं हैं जिससे किसानों को काफी नुकसान होने की संभा वना है।

अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि राज्य में बंद पड़ी तेल मिलों को पुनः शुरू करें जिससे लोगों को रोजगार एवं किसानों को फायदा मिल सके और किसानों के लिए कोल्ड स्टोरेजों की व्यवस्था कर एक सरसों नीति बनाकर इसके उत्पादन और निस्तारण की व्यवस्था करें जिससे किसानों की समस्या को दूर किया जा सके।